www.summerexpress.in

समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 5:46 बजे
सूर्यास्त शाम 6:57 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-228 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

न्यूज़ ब्रीफ

देशभर में हीटवेव का कहर

नई दिल्ली| देश के आधे से ज्यादा राज्यों में हीटवेव जारी है। बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों में पारा 40C से 45C के बीच बना हुआ है। महाराष्ट्र का वर्धा और ओडिशा का झारसुगुड़ा बुधवार को 44.6C तापमान के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं देश के 16 शहरों में पारा 43C से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। हीटवेव को देखते हुए ओडिशा सरकार ने दोपहर के समय जनगणना प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। यानी फील्ड स्टाफ सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के दौरान सड़कों पर नहीं भटकेंगे।

US इंटेलिजेंस के 2 अफसरों की मौत

मेक्सिको | मेक्सिको में एक ड्रग कार्टेल के खिलाफ कार्रवाई कर लौट रही अमेरिकी अधिकारियों की टीम की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। इस दुर्घटना में दो अमेरिकी अधिकारियों और दो मैक्सिकन जांचकर्ताओं की मौत हो गई। मारे गए अमेरिकी अधिकारी अमेरिकी इंटेलिजेंस एजेंसी CIA से जुड़े थे। हालांकि, पहले अमेरिकी दूतावास ने उन्हें सिर्फ एंबेसी स्टाफ बताया था। इस ऑपरेशन में अमेरिका की भूमिका को लेकर अमेरिका और मेक्सिको के बयानों में फर्क सामने आया है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबॉम ने संयुक्त ऑपरेशन की बात से इनकार किया।

काठमांडू दुनिया का दूसरा प्रदूषित शहर

काठमांडू | नेपाल की राजधानी काठमांडू में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। ताज़ा आंकड़ों के अनुसार शहर दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित प्रमुख शहर बन गया है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 197 दर्ज किया गया, जो "बेहद अस्वस्थ" श्रेणी में आता है। सूक्ष्म कणों का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से कई गुना अधिक पाया गया है। सबसे खतरनाक माने जाने वाले कणों की मात्रा 161.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई, जबकि सुरक्षित सीमा केवल 5 माइक्रोग्राम है। शहर के कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर और भी ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। अनुमान है कि कुछ दिनों में प्रदूषण में थोड़ी कमी आ सकती है।

सिटीजन रिपोर्टर

अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।

बंगाल पहले चरण में हिंसा और रिकॉर्ड 90% वोटिंग

तमिलनाडु चुनाव : EVM गड़बड़ी और हाई-वोल्टेज मुकाबला, दलों के वर्करों में हुई भिड़ंत

- आसनसोल में भाजपा प्रत्याशी की कार पर हमला
- मुर्शिदाबाद में ममता-हुमायूं कबीर समर्थक भिड़े

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में वीरवार को 152 सीटों पर मतदान जारी रहा। सुबह 7 बजे से शुरू हुई वोटिंग में शाम 5 बजे तक रिकॉर्ड 90% मतदान दर्ज किया गया। इस बीच बंगाल में कई जगह हिंसा की वारदातें भी हुईं। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान के लिए कड़े इंतजाम किए हैं, जिनमें सीसीटीवी निगरानी, फ्लाइंग स्क्वॉड और सुरक्षा बलों की तैनाती शामिल है।

बर्नपुर के रहमतनगर इलाके में भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर पथराव किया गया, जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया। उन्होंने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु सरकार पर हमला किया गया। वीडियो में उन्हें भीड़ से बचकर भागते देखा गया। मुर्शिदाबाद के नौदा में मतदान से पहले देसी बम फेंके जाने की घटना सामने आई, जिसमें एक महिला घायल हो गई। इसके बाद टीएमसी और हुमायूं कबीर की पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। सिलीगुड़ी और अन्य इलाकों में भी भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच टकराव की खबरें आईं।

कई जिलों मुर्शिदाबाद, मालदा, कूचबिहार और पूर्व मेदिनीपुर में EVM खराब होने की शिकायतें मिलीं। कुछ जगहों पर मतदान अस्थायी रूप से बाधित हुआ, हालांकि बाद में प्रक्रिया फिर शुरू कर दी गई। पोलिंग बूथों पर सुबह से लंबी कतारें देखी गईं, जिनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा रही।

भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु सरकार पर एक पोलिंग बूथ पर हमला किया गया और लोगों ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा।

भाजपा प्रत्याशी अग्निमित्रा की कार पर हमला हुआ। वोट डालते शत्रुघन सिन्हा।

गायक अरिजित सिंह के पिता सुरिंदर सिंह ने मुर्शिदाबाद में वोट डालने के बाद मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण बताया। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। टीएमसी और भाजपा दोनों ने एक-दूसरे पर वोटरों को डराने और प्रशासनिक पक्षपात के आरोप लगाए। पहले चरण में कुल 1,478 उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य में कुल मतदाता संख्या 6.8 करोड़ से अधिक है, जिनमें करीब 7 लाख नए मतदाता शामिल हैं। मुख्य मुकाबला टीएमसी और भाजपा के बीच माना जा रहा है, जबकि कांग्रेस और वाम दल कुछ क्षेत्रों में प्रभाव बनाए हुए हैं। दूसरे चरण में 142 सीटें के लिए वोटिंग 29 अप्रैल को होगी।

कोयंबटूर में DMK-BJP वर्करों की झड़प

एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए वीरवार को राज्य की सभी 234 सीटों पर मतदान जारी रहा। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक राज्य में 82.24 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। कई जिलों में मतदाताओं ने उत्साह दिखाया, जबकि कुछ जगहों पर झड़प, EVM खराबी और व्यवस्थागत शिकायतों की खबरें भी सामने आईं।

जिला स्तर पर देखें तो तिरुप्पुर में सबसे ज्यादा 62.97 फीसदी मतदान हुआ। वहीं चेन्नई में 54.58 फीसदी, मदुरै में 54.75 फीसदी, कोयंबटूर में 58.24 फीसदी और तिरुचिरापल्ली में 57.66 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। चेन्नई के कोलाथुर सीट पर, जहां मुख्यमंत्री एमके स्टालिन चुनाव लड़ रहे हैं, 1 बजे तक 56.59 फीसदी मतदान हुआ। वहीं चेपॉक-तिरुवल्लिकेनी सीट पर, जहां उपमुख्यमंत्री उधयनिधि स्टालिन मैदान में हैं, 53.55 फीसदी वोटिंग हुई।

इस बीच कोयंबटूर के गांधीमानगर स्थित एक मतदान केंद्र पर DMK और BJP कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। भाजपा नेताओं ने मौके पर पुलिस तैनाती और पास के एक होटल के खुले होने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ DMK कार्यकर्ता सार्वजनिक रूप से शराब पी रहे थे। इससे पहले सेलम के अरिसीपालायम स्थित बूथ नंबर 139 में AIADMK और DMK एजेंटों के बीच झड़प हुई। दोनों पक्षों के बीच बातचीत के दौरान गलतफहमी हुई, जिसके बाद एक महिला मतदाता भी विवाद में शामिल हो गई। मामला हाथापाई तक पहुंच गया और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। नामक्कल जिले के नल्लीपालायम में मशीन खराब होने से मतदान करीब एक घंटे तक रुका रहा। वहीं तिरुप्पुर के दो मतदान केंद्रों पर तकनीकी खराबी के कारण मतदान करीब 30 मिनट देरी से शुरू हुआ। TVK प्रमुख विजय ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मतदान समय दो घंटे बढ़ाने की मांग की। कोयंबटूर गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज में छात्रों द्वारा तैयार की गई साड़ी पहने रोबोट 'टीना' मतदाताओं का स्वागत करती नजर आई।

फिल्म और खेल जगत की कई हस्तियों ने भी मतदान किया। कमल हासन, श्रुति हासन, रजनीकांत, तृषा कृष्णन, विजय सेतुपति, और क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन समेत कई चर्चित चेहरे मतदान केंद्रों पर पहुंचे और लोगों से वोट डालने की अपील की।

रजनीकांत, कमल हासन और उनकी बेटी श्रुति हासन ने भी वोट डाला।

मिर्जापुर ट्रेलर-बोलेरो हादसा

ब्रेक फेल ट्रेलर से बोलेरो जा भिड़ी 9 जिंदा जले; 11 मौतें

- पीएम ने 2 लाख रुपये की सहायता देने का किया ऐलान

समर न्यूज़ | मिर्जापुर

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में बुधवार रात हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया। रीवा-मिर्जापुर हाईवे की ड्रमंडगंज घाटी में ब्रेक फेल ट्रेलर के कारण चार वाहनों की टक्कर हो गई, जिसमें कुल 11 लोगों की मौत हो गई। सबसे दर्दनाक मंजर तब सामने आया जब एक बोलेरो ट्रेलर से टकराने के बाद आग का गोला बन गई और उसमें सवार 9 लोग जिंदा जल गए।

गिट्टी लादकर आ रहा एक भारी-भरकम ट्रेलर ड्रमंडगंज घाटी के तीखे ढलान पर उतरा। ढलान पर अचानक ट्रेलर के ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक फेल होते ही चालक ने इसे नियंत्रित करने की बहुत कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार और घाटी की खतरनाक ढलान के कारण यह असंभव हो गया। सबसे पहले इस अनियंत्रित ट्रेलर ने एक स्विफ्ट कार को अपनी चपेट में लिया और उसे बुरी तरह रौंदते हुए आगे बढ़ गया। टक्कर में कार में सवार जय प्रकाश (उम्र 26 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। फिर ट्रेलर एक ट्रक से टकराया। बीच पीछे से आ रही बोलेरो ट्रेलर से जा भिड़ी और तुरंत आग लग गई। दरवाजे लॉक होने से अंदर बैठे लोग बाहर नहीं निकल सके। मध्य प्रदेश के मैहर से मुंडन संस्कार कर लौट रहा एक परिवार बोलेरो में सवार था। आग इतनी भयानक थी कि किसी को बचाया नहीं जा सका। हादसे में स्विफ्ट सवार एक युवक और ट्रक के खलासी की भी मौत हो गई। घटना के बाद नरेंद्र मोदी ने दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की।

बीकाजी के CMD शिवरतन अग्रवाल 'फन्ना बाबू' का निधन

समर न्यूज़ | बीकानेर

बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड के CMD शिवरतन अग्रवाल का वीरवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया। शिवरतन अग्रवाल ने बीकाजी को देश-विदेश में पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में कंपनी ने पारंपरिक भुजिया और नमकीन को वैश्विक स्तर तक पहुंचाया और बीकानेर के स्वाद को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। वे अपने सरल स्वभाव और दूरदर्शी सोच के लिए जाने जाते थे। बीकानेर से सांसद व केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उनके निधन पर दुख जताते हुए कहा कि बीकानेर के वरिष्ठ उद्योगपति, भामाशाह और बीकाजी ग्रुप के संस्थापक शिवरतन अग्रवाल 'फन्ना बाबू' के आकस्मिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उनका समाजसेवा, उद्योग जगत व बीकानेर को विश्वपटल पर ख्याति दिलवाने में अमूल्य योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

शिवरतन के परिवार में उनके पुत्र दीपक अग्रवाल वर्तमान में व्यवसाय की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

झालमुड़ी मैंने खाई, मिर्ची TMC को लगी

पीएम मोदी ने बंगाल में चुनावी रैली और रोड शो को संबोधित किया

एजेंसी | हावड़ा/नदिया

पश्चिम बंगाल में चुनाव के दूसरे चरण से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की आलोचना करते हुए कहा कि उनके द्वारा हाल ही में झालमुड़ी के सेवन से सत्तारूढ़ पार्टी को जबरदस्त झटका लगा है। कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने टीएमसी पर घुसपैठियों को पनाह देने और महाजंगल राज को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और मतुआ और नामाशूद्र समुदायों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। उन्होंने अपनी सरकार बनने के बाद नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत नागरिकता प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का भी वादा किया। रैली में मोदी ने कहा कि आपको भाजपा-एनडीए की जीत का झंडा पूरी ताकत से लहराना चाहिए। 4 मई को बंगाल में भी भाजपा की जीत का जश्न मनाया जाएगा, मिठाइयाँ बांटी जाएगी और झालमुड़ी भी बांटी जाएगी। झालमुड़ी ने कुछ लोगों को करारा झटका भी दिया है। मैंने झालमुड़ी खाई, लेकिन उसकी मिर्ची टीएमसी को लगी। शाम को नरेंद्र मोदी ने हावड़ा में रोड शो किया।

मोदी ने पश्चिम बंगाल में वामपंथ के पतन पर टिप्पणी करते हुए टीएमसी के मौजूदा विरोध का जिक्र करते हुए कहा कि पंद्रह साल पहले लोग कम्युनिस्टों के खिलाफ थे। आज वे टीएमसी के जंगल राज के खिलाफ खड़े हैं। उत्पीड़कों और भ्रष्ट लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। आप हमारा नारा जानते हैं, 'सबका साथ, सबका विकास'। लेकिन टीएमसी 'घुसपैठियों का साथ, घुसपैठियों का विकास' में विश्वास करती है।

CBSE ने जारी की दूसरी 10वीं बोर्ड परीक्षा की डेटशीट, 15 से 21 मई तक होंगे एग्जाम

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा 2026 की तिथियां घोषित कर दी हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं 15 मई से शुरू होकर 21 मई तक चलेंगी। सभी परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे से शुरू होंगी, जिससे छात्रों को अपनी तैयारी बेहतर तरीके से व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। परीक्षा की शुरुआत 15 मई को गणित विषय से होगी। यह पेपर तीन घंटे का होगा और दोपहर 1:30 बजे तक चलेगा। इसके बाद 16 मई को अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जबकि 18 मई को विज्ञान का पेपर होगा। 19 मई को भाषा विषयों की परीक्षा होगी। इसमें हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, मलयालम, ओडिया, असमिया, कन्नड़ और अरबी जैसी भाषाएं शामिल हैं। साथ ही फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश और जापानी जैसी विदेशी भाषाओं की परीक्षाएं भी इसी दिन होंगी। कुछ पेपर दो घंटे के होंगे, जबकि मुख्य विषयों की अवधि तीन घंटे की रहेगी। 20 मई को कौशल और वैकल्पिक विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इनमें पेंटिंग, संस्कृत, सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विषय शामिल हैं। ये विषय छात्रों के करिअर चयन में अहम भूमिका निभाते हैं। 21 मई को सामाजिक विज्ञान के पेपर के साथ परीक्षा का समापन होगा। बोर्ड ने छात्रों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने और प्रवेश पत्र साथ रखने की सलाह दी है। साथ ही प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए दिए जाने वाले समय का सही उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

SIT ने शुरू की नोएडा हिंसा की जांच, रूपेश समेत 4 से पूछताछ

समर न्यूज़ | नोएडा

श्रमिकों के वेतन बढ़ाने को लेकर 13 अप्रैल को नोएडा मे हुए हिंसक आंदोलन के मामले में गिरफ्तार रूपेश राय और उसके साथी मनीषा, आकृति और सृष्टि गुप्ता को पुलिस कस्टडी में लेकर नोएडा पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। मुख्य आरोपी आदित्य आनंद की पुलिस ने 7 दिन की कस्टडी रिमांड मांगी है, जिसकी सुनवाई 24 अप्रैल को होनी है। पूछताछ में यह भी पता चला है कि मजदूर बिगुल संगठन श्रमिकों को भड़काने के लिए अपने ऑनलाइन पोर्टल का भी इस्तेमाल करता है। अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच के लिए अपर पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में एक एसआईटी गठित की गई है। इसमें 10 पुलिस अधिकारी शामिल है। एसआईटी ने जांच शुरू कर दी है। एसआईटी अपनी जांच पुलिस कमिश्नर गौतम बुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह को सौंपेगी। उन्होंने कहा कि एसआईटी के गठन से इस मामले की विवेचना में तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि मामले के हर पहलू की जांच चल रही है।

पेज 1 एंकर स्टोरी

प्रति पीस ईंट की कीमत बढ़कर 9 रुपये तक पहुंची

आपका घर बनाना हुआ और महंगा, ईंटों के दाम में भारी उछाल

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

निर्माण क्षेत्र में लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। खासकर ईंटों के दाम में हुए भारी इजाफे ने घर बनाना लोगों के लिए एक बड़ी चुनौती बना दिया है। पहले जो ईंट करीब 6 रुपये प्रति पीस मिलती थी, अब उसकी कीमत बढ़कर 9 रुपये तक पहुंच गई है। इसी तरह एक हजार ईंटों की कीमत, जो पहले करीब 7000 रुपये थी, अब बढ़कर 8500 से 9000 रुपये तक हो गई है। इतने कम समय में कीमतों में आया यह उछाल निर्माण क्षेत्र के लिए चिंता का विषय बन गया है।

ईंटों के साथ-साथ अन्य निर्माण सामग्री के दाम भी तेजी से बढ़ रहे हैं। सीमेंट की एक बोरी पिछले एक महीने में लगभग 25 रुपये महंगी हो चुकी है। वहीं सरिये की कीमत, जो पहले 55 रुपये प्रति किलो थी, अब 65 से 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इसके अलावा रेत और बजरी के दामों में भी लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे कुल निर्माण लागत में भारी इजाफा हो रहा है। निर्माण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा हालात में 100 गज का एक साधारण घर बनाने के लिए पहले के मुकाबले 3 से 5 लाख रुपये अधिक खर्च करना पड़ रहा है। यह स्थिति मध्यम वर्ग और आम परिवारों के लिए बेहद चिंताजनक है, क्योंकि घर बनाना अब पहले जितना आसान नहीं रहा।

ईंटों की कीमतों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण कोयले के दामों में लगातार हो रही वृद्धि को माना जा रहा है। भट्ठा संचालकों के अनुसार कोयले की कीमतों में रोजाना उतार-चढ़ाव हो रहा है और कई बार एक ही दिन में हजार रुपये तक की बढ़ोतरी हो जाती है। इसका सीधा असर ईंटों के उत्पादन खर्च पर पड़ता है।

इसके अलावा, प्रदूषण नियंत्रण के लिए इस्तेमाल होने वाले आयातित कोयले की अनिवार्यता भी लागत बढ़ने का एक बड़ा कारण है। वहीं मिट्टी की कीमतों में वृद्धि और खुदाई पर लगी पाबंदियों ने भी भट्ठा मालिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। डीजल और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के कारण परिवहन खर्च भी लगातार बढ़ रहा है, जिसका असर सभी निर्माण सामग्रियों पर पड़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है। निर्माण सामग्री की बढ़ती महंगाई ने न केवल उद्योग को प्रभावित किया है, बल्कि आम आदमी के अपने घर के सपने को भी दूर कर दिया है। यदि जल्द ही कीमतों पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो आने वाले समय में स्थिति और भी खराब हो सकती है।